सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 252 | इंदौर, शनिवार 23 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Arvind Kejriwal Arrest : आतिशी ने उठाया सवाल, घोटाले का पैसा कहां गया? शरत ने भाजपा को दिए रुपये**
2. **Siachen: इस बार सियाचिन ग्लेशियर में खास होगी होली, खुद जवानों के पास जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**
3. **Russia: 'सब लोग चिल्ला रहे थे, इधर-उधर भाग...', मॉस्को में हुए आतंकी हमले के दौरान मौजूद लोगों ने बताई आपबीती**
4. **Kejriwal Arrested: संबित पात्रा ने कांग्रेस से पूछा सवाल, 'आपने कहा था केजरीवाल भ्रष्ट हैं; अब क्या हुआ?'**
5. **Foreign Exchange: सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, अब इतने अरब डॉलर बढ़ गया खजाना**
6. **CBI: कैश फॉर क्वेरी मामले में फिर परेशानी में पड़ी महुआ मोइत्रा, TMC नेता के आवास पर सीबीआई का छापा**

# अवैध कत्लखानों पर कसा शिकंजा

### अलसुबह बड़ी कार्रवाई, 55 पाड़े को बचाया गया

## फ्रीजर में रखा एक क्विंटल मास भी जब्त; 7 लोगों पर हुई कार्रवाई

उज्जैन। उज्जैन में शनिवार सुबह चार बजे से नगर निगम ने अवैध कत्लखानों पर बड़ी कार्रवाई की है। 55 पाड़े, 1 क्विंटल मांस सहित फ्रीजर और अन्य सामान जब्त किया है। कार्रवाई को करीब 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी की टीम ने अंजाम दिया।



उज्जैन में संचालित हो रहे अवैध कत्लखानों पर पहली बार इतनी बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। करीब चार घंटे तक चली कार्रवाई में नगर निगम की टीम के करीब 40 और 30 पुलिसकर्मियों ने शहर के बेगमबाग, नालिया बाखल और तोपखाना क्षेत्र में कार्रवाई की है।

कलेक्टर उज्जैन नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अवैध रूप से संचालित गतिविधियों पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी। आमजन से प्राप्त सूचनाओं पर भी त्वरित संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। फिलहाल दो लोगों पर बेगमबाग में, नालिया बाखल में एक और तोपखाना में चार लोगों पर कार्रवाई करते हुए 55 पाड़ों के साथ 1 क्विंटल से अधिक मांस सहित तराजू, बांट, कटर मशीन भी जब्त किया है।

सीएसपी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि शकील पाड़े वाला, मोहम्मद मुस्किन सहित 7 जगह अवैध कत्लखाने मिले हैं। सभी के ऊपर महाकाल थाने में केस दर्ज किए जा रहे हैं।

कई दिनों से अधिकारियों को अवैध कत्लखाने की शिकायत मिल रही थी। इस पर पहली बार शहर में इस तरह की कार्रवाई को अधिकारियों की टीम ने मिलकर अंजाम दिया है। जब सुबह टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में पुलिस और निगम की टीम को देखकर हडक़ंप मच गया। पुलिस को बड़ी मात्रा में फ्रीज में रखा मांस भी मिला है।

# अब सोच-समझकर निकालें एक लाख से ऊपर कैश

### बैंक संदेहास्पद लेन-देन की रिपोर्ट रोज निर्वाचन कार्यालय को भेजेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निर्वाचन के दौरान निर्वाचन प्रकिया की शुद्धता को बनाये रखने के लिए बैंकों से किये गये संदेहजनक नगद लेन-देन के संबंध में चर्चा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट भवन के सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह चर्चा का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अवगत कराया गया कि बैंकों से नकद निकासी का अनुवीक्षण करने के संबंध में बैंक संदेहास्पद लेन-देन की रिपोर्ट प्रतिदिन जिला निर्वाचन **कार्यालय को भेजेंगे।**



बैंक असामान्य तथा संदेहास्पद नकद निकासी एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान 1 लाख से अधिक राशि जमा करवाने, जबकि 2 महीने के दौरान इस प्रकार की निकासी नहीं की गई है, की जानकारी से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत करायेंगे। यदि बैंको से 10 लाख से ऊपर नगदी निकासी का मामला सामने आता है, ऐसे मामलों को जिला निर्वाचन अधिकारी अन्वेषण हेतु आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भेजेंगे। प्रशिक्षण में बैंकों में एटीएम वैन एवं अन्य द्वारा ले जाने के लिए एसओपी के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह ने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया कि अभ्यर्थी के परिजनों के खातों में लेन-देन की जानकारी का अनुवीक्षण करने के लिए अभ्यर्थी के शपथ पत्र की जानकारी बैंकों को भेजी जावे। नोडल अधिकारी आयकर विभाग ने अवगत कराया कि 10 लाख से अधिक जमा या निकासी की सूचना प्रपत्र में अभ्यर्थी की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाये। प्रशिक्षण सह चर्चा में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, राघौगढ़ आर अंजली, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गुना रवि मालवीय, जिला कोषालय अधिकारी राकेश कुमार, जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय, लीड बैंक अधिकारी प्रवीण गुजारे, जिला आयकर अधिकारी, बैंक शाखा प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स पर हुआ अंतर सम्मेलन, पुस्तकें लोकार्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उच्च शिक्षा विभाग (मप्र) द्वारा प्रायोजित एवं मॉर्डन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन व शासकीय महाविद्यालय, पीथमपुर (धार) द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इंक्रीस यूज ऑफ ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एण्ड इट्स इम्पेक्ट विषय पर आयोजित उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि विक्रम विवि (उज्जैन) के कुलपति प्रो.(डॉ.) अखिलेश कुमार पाण्डेय रहे।**



इसमें भारतीय प्रबंधन संस्थान इन्दौर के आचार्य डॉ. आदित्य माहेश्वरी मुख्य वक्ता, वर्की कोवर्किंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सावन एस. लढ्ढा, टेलर्स विवि (मलेशिया) के आचार्य डॉ. केल्विन कीम, फैडरल पॉलिटेक्निक ओखो अनाम्ब्रा स्टेट (नाइजीरिया) के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चिकवेलु मधुबुच्ची एमबोनू (आभासी) एवं डॉ. सचिन शर्मा (आचार्य आईएमएस-देवी अहिल्या विश्वविद्यालय) भी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कॉन्फ्रेस चेयर डॉ. विनोद खत्री, मॉर्डन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमेन डॉ. अनिल खरया, समहू निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी एवं डॉ. संजय प्रसाद (महाविद्यालय) ने किया। स्वागत भाषण में डॉ. खत्री एवं डॉ. खरया ने अतिथियों एवं प्रतिभागी, शोधार्थी, सेशन चेयर, सेशन को-चेयर का पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति-पत्र से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डेय ने डॉ. पुनीत द्विवेदी एवं डॉ. संजय प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एण्ड इट्स इम्पेक्ट' का लोकार्पण किया, साथ ही कॉन्फ्रेस स्मारिका, अभिनंदन पुस्तिका व पत्रिका 'विद्यावार्ता' का भी लोकार्पण किया।

कुलपति ने मॉडर्न ग्रुप ऑफ फार्मास्यूटिकल सांईसेंस की विभागाध्यक्ष डॉ. सपना मालवीय द्वारा लिखित पुस्तक 'फार्मा एस्पिरेशन' का भी लोकार्पण किया। अतिथियों द्वारा डॉ. द्विवेदी, डॉ. अर्नव चौधरी एवं डॉ. नेहा शर्मा चौधरी द्वारा लिखित पुस्तक 'डेटा एनालिटिक्स विथ आर' पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया।

सम्मेलन में विभिन्न तकनीकि सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 10 शोध-पत्रों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की संयोजक द्वय डॉ. अनिता मालवीय एवं प्रो. अरविन्द सकवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। सम्मेलन के सचिव डॉ. प्रसाद ने भी 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के बढ़ते महत्व' को समझाया। विशेष रूप से प्रो. महिमा सोनी, प्रो. अर्चना पाण्डेय, डॉ. पुनीत दुबे, प्रो. रोहित यादव, प्रो. सुधीजीत सिन्हा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अनामिका सिंह एवं डॉ. नितेश कुमार जैन ने किया। आभार ज्ञापन सम्मेलन की ओर से प्रो. अरविंद सकवार एवं डॉ. सिमरनजीत कौर संधार ने किया।

## राधा कृष्ण फाग उत्सव 23 मार्च को

### शामिल होगी मातृशक्तियां, खेलेंगे फूलों की होली, उड़ेगा गुलाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भव्य राधा कृष्ण रंगारंग फाग उत्सव का आयोजन 23 मार्च,शनिवार को कुलकर्णी नगर मैदान पर होगा, इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल होकर फूलों की होली खेलेंगी, गुलाल की बौछार होगी,भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

आयोजन प्रमुख एमआईसी सदस्य जीतू यादव ने बताया कि शनिवार को कुलकर्णी नगर मैदान पर आयोजित राधाकृष्ण रंगारंग फाग उत्सव की शुरूआत शाम 7 बजे होगी। इसमें राधा कृष्ण बने कलाकार नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां सम्मिलित होकर सुगंधित फूलों से होली खेलेंगी, रंग गुलाल की बौछार होगी। भजन गायिका वैशाली रायकवार द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। फाग उत्सव में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित इंदौर के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। राधा कृष्ण फाग उत्सव की तैयारियां अंतिम चरणों में है, भाग उत्सव का निमंत्रण 10 हजार अधिक लोगों को दिया जा चुका है।

## सिंहस्थ को लेकर इंदौर में भी चल रही तैयारियां, कामों के लिए सेल का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियां उज्जैन में शुरु हो चुकी है। वहीं इंदौर से होने वाले कामों को लेकर भी इंदौर में नगर निगम और जिला प्रशासन ने भी अपनी अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। सिंहस्थ को इंदौर में सेल का गठन किया गया है। इस सेल में शामिल नगर निगम के अफसरों को हर 15 दिन में कार्यों की समीक्षा करने के साथ निगमायुक्त को प्रगति रिपोर्ट देना होगी।**

सिंहस्थ महापर्व-2028 को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर में कराए जाने वाले कार्यों के लिए सेल का गठन निगमायुक्त शिवम वर्मा ने किया है। सिंहस्थ सेल

### हर 15 दिन में होगी समीक्षा और निगमायुक्त को देना होगी प्रगति रिपोर्ट

में ड्रेनेज विभाग के अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, जनकार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, ड्रेनेज विभाग के कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता, जनकार्य विभाग के सहायक यंत्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, योजना शाखा के सहायक यंत्री नरेश जायसवाल, उपयंत्री पराग अग्रवाल, ड्रेनेज विभाग के सहायक यंत्री आएएस देवड़ा और उपयंत्री आकाश जैन है। निगम के इन अफसरों को सिंहस्थ से संबंधित कामों के प्रस्तावों को समयावधि में तैयार कराते हुए कार्यों का क्रियान्वयन कराने सहित मॉनिटरिंग करना होगी। इसके साथ ही हर 15 दिन की अवधि में समीक्षा बैठक रखते हुए निगमायुक्त वर्मा को कार्य कि प्रगति संबंधी रिपोर्ट देना होगी। सिंहस्थ को लेकर बनी सेल सड़क से लेकर ड्रेनेज से संबंधित कार्य करेगी, क्योंकि इंदौर शहर की ड्रेनेज का पानी कबीटखेड़ी स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर जाने के बाद ट्रीट होता है। ट्रीट वाटर उज्जैन की शिप्रा नदी में छोड़ा जाता है। सिंहस्थ के दौरान शिप्रा में गंदा पानी न जाए। इस पर पूरा ध्यान सेल को रखना होगा।

## रविवार को भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर जिले के 62 और कंपनी क्षेत्र के सभी 434 बिजली बिल भुगतान केंद्र मार्च के अंतिम दो रविवार को भी खुले रखने का निर्णय लिया है। वित्तीय वर्ष के समापन माह में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति और उपभोक्ता सुविधा को देखते हुए उक्त निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार 24 मार्च और 31 मार्च रविवार को भी बिजली बिल भुगतान केंद्र कार्यालय अवधि के दौरान खुले रहेंगे। इसके अलावा बिजली उपभोक्ता मोबाइल, कम्प्यूटर, लैपटॉप, टेबलेट के माध्यम से कैशलेस तरीके से घर बैठे बिजली बिलों का भुगतान कर सकते है। कैशलेस भुगतान पर प्रति बिल पर बिजली नियामक आयोग के आदेशानुसार छूट भी प्रदान की जाती है। यह छूट अगले बिल में स्पष्ट दिखाई देती है।

## कटाक्ष




www.detectivegroupreport.com

## गैर निकलने के पश्चात गैर मार्ग की 1 घंटे में पूरी करे सफाई

### →पर्याप्त व्यस्था के साथ ही ऐतिहासिक धरोहर को कवर करने के निर्देश

### आयुक्त द्वारा रंगपंचमी पर निकलने वाले गैर मार्ग का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर की पहचान बनी रंगपंचमी पर शहर के मध्य क्षेत्र में निकलने वाली गैर की परम्परा को दृष्टिगत रखते हुए, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने आज गोराकुण्ड, टोरी कॉर्नर, खजुरी बाजार, राजबाडा तक गैर मार्ग का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, श्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा इंदौर शहर की गौरवशाली परम्परा व ऐतिहासिक समारोह में से एक रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर के मार्ग जिसमें मल्हारगंज, गौराकुण्ड चौराहा, टोरी कॉर्नर, खजुरी बाजार, राजबाडा तक मार्ग का निरीक्षण करते हुए, गैर मार्ग में जहां-जहां आवश्यकता है वहां पर पेव्हर ब्लॉक लगाने व बदलने के साथ ही रोड की वाईडिंग करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये। इसके साथ ही रंगपंचमी पर गैर मार्ग के समस्त संपर्क मार्ग को भी व्यवस्थित करने तथा आवश्यकतानुसार पेचवर्क कार्य के साथ ही गैर मार्ग अवरूद्ध ना हो इसको लेकर भी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**सीवरेज कार्य को शीघ्र पूर्ण करे-** आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा राजबाडा व गोपाल मंदिर के मध्य किये जा रहे सीवरेज कार्य को शीघ्र पूर्ण कर, आवश्यक रेस्टोरेशन कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही राजबाडा, गोपाल मंदिर व आस-पास की ऐतिहासिक धरोहर को रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर के दौरान रंगो व पानी से बचाव के लिये पर्याप्त रूप से कवर करने व सुरक्षित करने के संबंध में पुरातत्व विभाग के साथ चर्चा कर आवश्यकतानुसार ऐतिहासिक इमारतो व धरोहर को कवर करने के संबंध में भी कार्यवाही करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये।

**गैरे निकलने के बाद चलाए सफाई अभियान-** इसके साथ ही आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर मार्ग पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ के संबंध में भी संबंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिये गये। आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा इंदौर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए, रंगपंचमी पर गैर निकलने के 1 घंटे में गैर मार्ग की सफाई पूर्ण करने व शहर के प्रमुख स्थानो पर पर्याप्त संसाधन व स्टाफ के साथ व्यापक स्तर से सफाई अभियान चलाने के भी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये।

# एक्सीडेंट के बाद विवाद ड्राइवर ने मारा चाकू

**इंदौर। बाइक की चपेट में आने से दो साल की बच्ची घायल हो गई। बच्ची के परिजनों गाड़ी ड्राइवर को रोका तो विवाद हो गया। आरोपी अपने पिता और साथियों को लेकर पहुंचा। चाकू से बच्ची के पिता और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। रात में पुलिस ने बयान के बाद आरोपी के पिता और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक मोहम्मद सरवर खान निवासी गुलाब बाग कॉलोनी की शिकायत पर अबला उसके बेटे मोहसीन,कल्लू और काला के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सरवन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि अबला का बेटा मोहसीन शुक्रवार शाम तेज रफ्तार बाइक लेकर निकला। इस दौरान घर के बाहर खेल रही दो साल की बेटी आशी को टक्कर मार दी।

मोहसीन को पकड़ा और कहां कि किस तरह से गाड़ी चलाता है। बच्ची को चोट लग गई। इतना सुनते ही उसने कहा कि पता नही किसकी कॉलर पकड़े हो। बाद में वह अपने पिता अबला और अन्य साथियों के साथ पहुंचा। यहां अबला ने आते ही बेटे के साथ झगड़ा करने को लेकर सरवन के पैर पर चाकू मारा।

मोहसिन ने दो चाकू सरवर के हाथ और पीठ पर मारे। इसके बाद वह मौके से भागने लगे तो आवाज सुनकर भाई मोहम्मद फैजान नीचे आ गया। आरोपियों ने उसे भी चाकू,लोहे की पाईप से मारा। कुछ दूरी पर गिरने के बाद सरवर बेसुध हो गया। बदमाश धमकी देकर भाग गए। लोगों ने सरवर को रिक्शा से जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने गंभीर के चलते सरवर को एमवाय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अबला के पुराने आपराधिक रिकार्ड हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 90 हजार से ज्यादा नकली नोट जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार रात नकली नोट चलाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों से 90 हजार से अधिक नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी खरगोन-खंडवा से नोटों को खपाने के लिए शहर में पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही क्राइम ब्रांच ने राजेन्द्र नगर इलाके में दबिश देकर कार्रवाई का है।

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को शुक्रवार रात जानकारी मिली थी कि खरगोन में रहने वाला दिलीप इंदौर में कुछ लडकों के साथ आया हुआ है। वह यहां पर बड़े स्तर पर नकली नोट की तस्करी करने आया है। कुछ युवकों ने आर्डर पर नकली नोट बुलवाए थे। दबिश देने पर दिलीप और उसके साथियों को पकड़ा गया है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नकली नोट का मांस्टर माइंड खरगोन में रहता है। वहां जब पुलिस ने आरोपी को पकड़ा तो पता चला कि इंदौर के राजेन्द्र नगर में नकली नोट भेजे गए हैं। इस पर क्राइम ब्रांच को अलर्ट कर दबिश डालने भेजा गया। पकड़ाए नकली नोट के बारे में बताया जा रहा है कि चुनाव में वह इसे किसी राजनैतिक व्यक्ति के कहने पर खपाने वाले थे। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है।

# डेढ़ किलो गांजे के साथ पकड़ाया तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तलावलीचांदा के पास से पुलिस ने माखन नामक व्यक्ति को पकड़ा है। उसके कब्जे से डेढ किलो गांजा जब्त किया है। तस्करी के लिए वो ले जा रहा था। टीआई तारेश सोनी और थानेदार खुशबू परमार को सूचना मिली थी कि माखन गांजे की तस्करी कर रहा है। उसके पीछे टीम लगाई गई और तलावली चांदा लकड़ी टाल के पास उसे रोका तो भागने लगा पीछा कर उसे पकड़ा और उसके पास मिले झोले की तलाशी ली तो उसमें गांजा रखा था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया है।

**यहां 9 सौ ग्राम गांजे के साथ धराया-** दूसरे मामले में क्राइम ब्रांच ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। वह इस गांजे की डिलेवरी देने आया था और पकड़ा गया। क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन इमली चौराहे पर एक व्यक्ति एक बोरे में अवैध गांजा लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा है । पुलिस ने घेराबंदी कर वहां से सन्नी उर्फ छोटी खरे, हरिजन कॉलोनी को पकड़ा। बोरे की तलाशी लेने पर बोरे में करीब 900 ग्राम गांजा मिला। उसके खिलाफ भंवरकुआ पुलिस कार्रवाई कर रही है,उससे पूछताछ कर ये भी पता लगाया जा रहा है कि वह ये गांजा कहां से लाया था और किसे बेचने वाला था।

# किसान ने जहर खाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक किसान की एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। शुक्रवार के दिन उसने सुसाइड करने का प्रयास किया था। देर शाम पत्नी ने जब देखा तो परिवार के लोगों को जानकारी दी। परिवार के लोग उसे एमवाय लेकर पहुंचे। यहां रात में किसान ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एरोड्रम पुलिस का कहना है कि रवि (37) पुत्र मुन्नालाल चौहान निवासी छोटा बागड़दा ने जहर खा लिया था। पत्नी रेशमा ने बताया कि घर के पास ही खेत है। यही पर वह खेती किसानी का काम करते थे। शाम को खेत से घर पहुंचे तो उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार के मुताबिक रवि के तीन बच्चे हैं। माता पिता और भाई भी हैं। रवि का परिवार मूल रूप से अंजड़ का रहने वाला है।

# आग में झुलसे दंपती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर इलाके में रहने वाले दंपति को शुक्रवार शाम गंभीर जली हालत में एमवाय में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक घर में लगे गैस सिलेंडर में आग लगने के चलते दंपति जल गए। देर रात पुलिस उनके बयान लेने अस्पताल पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक शुभम(32) पुत्र राजेन्द्र ओर उसकी पत्नी भूरी (30) निवासी रामनगर को उसके पड़ोसी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दंपति ने अपने बयान में बताया कि भूरी घर में शाम को पति के काम से आने के बाद चाय बना रही थी। इस दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। यहां नजदीक ही बैठा पति अपनी पत्नी को बचाने के लिये दौडा इस दौरान आग बुझाने में वह गंभीर रूप से जल गया। बताया जाता है कि दंपति के दो छोटे बच्चे है। जब आग लगी तो वह भी कमरे में मौजूद थे। आग लगने के चलते पिता ने उन्हें एक तरफ किया। जिसमें बाद आग पर काबू किया। पुलिस के मुताबिक पति की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनो का बर्न यूनिट में उपचार चल रहा है।

## रास्ता भटकी मासूम को परिजनों के पास पहुंचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना में 4 वर्षीय बालिका घर का रास्ता भटकी गई। डायल 100 की टीम ने बालिका को उसके परिजन तक पहुंचाया। स्टार चौराहे के पास एक 4 वर्षीय बच्ची मिली, जो घर का रास्ता भटक गयी है। इस तरह की सूचना बाद राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 भोपाल से खजराना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण मे लिया। स्टाफ ने बच्ची को साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बच्ची के नाना उसे ढूँढते हुए मिले। जिन्हे बच्ची द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत उनके नाना के सुपुर्द किया।

## गार्डन में नाबालिग पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गार्डन में अपने दोस्तों के साथ घूमने पहुंचे नाबालिग पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। एमआईजी थाने में तुषार निवासी नेहरू नगर की शिकायत पर आसियान शेख और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। तुषार दोस्तों के साथ अहिंसा गार्डन जे सेक्टर एलआईजी कॉलोनी में घूमने गया था। वहीं पर आरोपी आसियान अपने दोस्तों के साथ आया और कहने लगा कि वह यहां क्यों घूमने आया है। इस बात को लेकर वाद-विवाद हो गया। आसियान और उसके साथियों ने बेल्ट डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने वहां पड़ा सीमेंट का ब्लॉक उठाकर फेंका जिससे तुषार का सिर फट गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# 73 हजार की अंग्रेजी शराब बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने एक घर में छापा मारकर यहां से करीब 73 हजार रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने यह शराब होली और रंगपंचमी पर बेचने के लिए रखी थी। पुलिस को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली की कटकटपुरा रावजी बाजार में दो लोग अंग्रेजी शराब के साथ देखे गए हैं। इनके पास काफी मात्रा में शराब की बोतलें हैं। पुलिस ने स्पाट पर पहुंचकर देवेन्द्र राठौर, कटकटपुरा और रुपेश शर्मा, एमआईजी सुखलिया को पकड़ा। इनके पास से 72 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरोपियों के कब्जे से 12 प्रकार की अंग्रेजी शराब की 96 बोटल कुल मात्रा 72 लीटर शराब कीमती 73 हजार रुपये की जप्त की गयी है। उक्त प्रकरण में एक सेल्समेन अविनाश वागमौडे,गौरी नगर को भी आरोपी बनाया गया है।

## ट्रेन में शराब के साथ पकड़ाया युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शांति एक्सप्रेस में बीती रात एक युवक शराब के साथ पकड़ा गया है। वह गुजरात में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है। आरोपी का नाम तरुण पिता जयंत देवडे निवासी सागोर कुटी पीथमपुर है। तरुण शांति एक्सप्रेस से गुजरात जा रहा था। पुलिस कर्मियों को उस पर कुछ शंका हुई तो उसके सामान की तलाशी ली तो महंगी शराब की बोतलें मिली है। कुल 7 लीटर शराब उसके पास से मिली है। उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है तरुण गुजरात की एक नामी कंपनी का कर्मचारी है।

# खजराना गणेश मंदिर की दानपेटी से निकले 1.75 करोड़

### मंदिर में गणेशजी की महाआरती के साथ मनाई जाएंगी होली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना गणेश मंदिर में लगी दान पेटियों से 1.75 करोड़ रुपए की राशि निकली है। अभी मंदिर की दान पेटी से निकले सिक्कों की गिनती का काम चल रहा है। पांच दान पेटियां अभी खुलना बाकी है। नोटों की गणना चल रही है। सम्भवतः एक दो दिनों में नोटों की गिनती का काम पूरा हो जाएंगा। दान की राशि लगभग दो करोड़ रु तक पहुंच जाएंगी। लाखों नागरिकों की श्रृध्दा के केंद्र खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकली दान राशि की गणना अभी भी जारी है। दान पेटियों से निकले नोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। दान पेटियों से अब तक एक करोड़ 65 लाख रुपए की राशि निकल चुकी है। जबकि दान पेटियों से निकले लगभग 7 लाख के सिक्कों की गिनती अभी जारी है। इस तरह इस बार 5 माह के अंतराल में खोली गई दान पेटियों से लगभग 1 करोड़ 72 लाख की राशि निकलने का अनुमान है। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के द्वारा मंदिर के परिसर में मौजूद प्रशासनिक कार्यालय के सभागार में दान के पैसे गिनने का काम किया जा रहा है। इस पूरे काम की सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। भक्तों के द्वारा मंदिर में लगी दान पेटी में पैसे तो चढ़ाए ही गए हैं उसके साथ ही अपनी परेशानियों को भी दान कर दिया है। इस बार दान पेटियों से बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भगवान गणेश जी कोअपनी परेशानी के संबंध में लिखे गए पत्र भी निकले हैं। जिन्हें गणेश जी को अर्पित कर दिया गया है। इन पत्रों में किसी ने अपने प्यार को दिलाने का आग्रह किया है तो किसी ने नौकरी मांगी है। किसी ने कर्ज से मुक्ति मांगी है तो किसी ने रईस जिंदगी मांगी है। बंद हो गए नोट भगवान को अर्पित मंदिर में जाकर दान पेटी में पैसा चढ़ाने वाले लोगों की मानसिकता भी उजागर होकर सामने आई है।

## जिसकी गुमशुदगी दर्ज कराई, वह शराब सहित पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला ने अपने पति की गुमशुदगी दर्ज करवाई,पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसका पति अवैध शराब सहित गिरफ्तार हुआ है। महिला के पति पर पूर्व में भी शराब तस्करी के 6 केस दर्ज हैं। मामला बडगोंदा थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी लोकेन्द्रसिंह ने बताया कि ग्राम काकड़ मोहल्ला गवली पलासिया में रहने वाले योगेश उर्फ पप्पू पिता राधेश्याम परमार के पास अवैध कच्ची महुआ शराब रखी होने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। बदमाश अपने घर के पीछे काकड मोहल्ला गवली पलासिया में तीन प्लास्टिक की केन 20-20 लीटर में कच्चा महुआ शराब भरकर कही बेचने को लेकर जाने वाला था, जिसे मौके पर पुलिस ने पकड़ा और कच्ची महुआ हाथ भट्टी शराब भरी तीन केन को जब्त किया। दूसरी ओर योगेश की पत्नी सीमा ने थाना बडगोंदा मे पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि पति बिना बताए कही चला गया,पुलिस ने जब उसे पता चला कि पति तो शराब तस्करी करते हुए पकड़ा गया है तो वह आश्चर्यचकित रह गई।

# सड़क किनारे मिले दो युवाओं के शव

## बर्थडे पार्टी में गए थे; परिजन को हत्या की आशंका, फोरलेन पर डेढ़ घंटे लगाया जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम में सड़क किनारे 2 युवकों के शव मिले हैं। दोनों दोस्त की बर्थ डे पार्टी में शामिल होने गए थे। घटना नामली के पास कांडरवासा फांटे की रात 3 बजे की है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए फोरलेन पर करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम किया। अफसरों के जांच के आश्वासन के बाद जाम खत्म हुआ। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजन को सौंप दिए।**

केशव (28 ) पिता विष्णुराम निवासी सेमलिया और गजेंद्र उर्फ गज्जू (29) पिता पूनचंद डोडिया निवासी अमलेटा गुरुवार रात बांगरोद में अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। वे कांडरवासा फांटे से मेवासा की ओर जा रहे थे, तभी उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

### 22 अप्रैल को होनी थी एक युवक की शादी

परिजनों ने बताया कि दोनों के शवों की हालात खराब थी। चोट के भी निशान हैं। बाइक भी केवल आगे से क्षतिग्रस्त हुई है। इनमें से एक गजेंद्र की 22 अप्रैल को शादी थी। दोनों अवैध मादक पदार्थ एमडी खरीदने के मामले में गिरफ्तार किए गए सुनील सूर्या से जुड़े हुए थे। कुछ माह पहले किसी अन्य ग्रुप से इनका विवाद भी हुआ था। हालांकि, पुलिस हर एंगल से जांच में जुट गई है।

### फोरलेन पर लगाया जाम, लगी वाहनों की कतारें

घटना से आक्रोशित परिजन और दोस्तों ने दोपहर 12.30 बजे अमलेटा फांटा इप्का फैक्ट्री के बाहर फोरलेन पर जाम लगा दिया था। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। नामली थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, परिजन एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों के जांच के आश्वासन के बाद उन्होंने जाम खत्म किया।

### दोनों फाइनेंस का काम करते थे

केशव और गजेंद्र आपस में दोस्त थे। दोनों फाइनेंस का काम करते थे। केशव के पिता विष्णुराम का निधन हो चुका है। घर में केवल मां है। वहीं, गजेंद्र के घर में पिता पूनचंद, मां रेखा बाई व बड़ा भाई राकेश है।

# बेखौफ बदमाश ने सरेराह तलवार लहराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में बदमाश बेखौफ हैं। खुलेआम लोगों से अड़ीबाजी कर रहे हैं। रुपए नहीं देने पर तलवारें लहराकर जान से मारने की धमकी देते हैं। विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

ताजा मामला बुधवार का है। इस दिन एक युवक से मारपीट की गई। बदमाशों ने युवक के घर से उसी के घर के सामने गाड़ी पार्क करने के एवज में रुपए मांगे। नहीं देने पर तलवार लेकर वे उसके घर पहुंच गए और गाली-गलौच करने लगे। पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें बदमाश तलवार लहराता हुआ दिखाई दे रहा है।

टैक्सी चालक शकील खां (45) ने बताया- मैं हनीफ कॉलोनी करोंद में रहता हूं। मेरे घर के बाहर ही मैं अपनी कार पार्क करता हूं। जिसके ऐवज में पास ही रहने वाला मुश्ताक और उसका भाई आफाक पॉर्किंग शुल्क मांगते हैं। वे ऐसा मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ भी करते हैं। विरोध करने पर मारपीट करते हैं। बुधवार रात उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। फिर घर के बाहर तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देते रहे। हमने इसका वीडियो बनाकर निशातपुरा थाने में शिकायत की। लेकिन, वहां से दोनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने धारा 155 के तहत अदम चेक (हस्तक्षेप योग्य अपराध नहीं) बनाकर उन्हें छोड़ दिया। इससे उनके हौसले और बुलंद हो गए।

# 4 मोटरसाइकिलों में लगाई आग

## रात तीन बजे बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगाई; आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में गुरुवार-शुक्रवार की रात 3 बजे एक बदमाश ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। बदमाश ने रहवासी इलाके में चार बाइक फूंक दी। आग की लपटे देखकर रहवासी जागे और बुझाने का प्रयास किया, तब तक चारों बाइक खाक हो चुकी थीं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। फुटेज में बदमाश ने बाइक पर पहले पेट्रोल छिड़का, फिर आग लगा दी। एक बाइक से उठी आग की लपटों से सटकर खड़ी बाकी 3 बाइकों को भी चपेट में ले लिया।**



मामला थाना कोतवाली क्षेत्र के कहारवाड़ी इलाके का है। इलाके के कटपीस मोहल्ले में आगजनी की वारदात हुई है। जानकारी के अनुसार लक्की फूलमाली, बबलू फूलमाली की बाइक उनके घर के बाहर खड़ी थी। रात 3 बजे एक बदमाश आता है और एक बाइक में आग लगाकर भाग जाता है। धीरे-धीरे चारों बाइक आग की लपटों से घिर जाती है। थोड़ी देर बाद रहवासियों की नींद खुली तो उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझती तब तक सभी बाइकें जल चुकी थीं।

रहवासियों ने घटना की सूचना उसी समय थाना कोतवाली पुलिस को दी। सुबह पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। इधर, रहवासियों ने आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इन फुटेज में एक बदमाश दिखाई दे रहा है, जो कि बाइक को आग के हवाले करते हुए दिख रहा है। रहवासियों का दावा है कि बाइक में आग लगाने वाले बदमाश की पहचान एजाज नसरूद्दीन खान निवासी कहारवाड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एजाज के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है।

# छिंदवाड़ा निगम में गड़बडाया कांग्रेस का गणित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाडा।** नगर निगम में कांग्रेस का गणित गड़बड़ा गया है। 15 दिनों में 13 पार्षदों के पाला बदलने से कांग्रेस अल्पमत में तो 33 पार्षदों के साथ भाजपा की ताकत बढ़ गई है। ऐसे में अध्यक्ष पद पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वहीं चार सभापतियों के पाला बदलने से नगर निगम में एमआईसी का बदलना भी तय हो चुका है। कहा तो ये भी जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में और भी कांग्रेसी पार्षद भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

नगर निगम गठन के बाद पहली बार सत्ता में आई कांग्रेस दो सालों में बिखर गई। विधानसभा चुनाव में हार के बाद पिछले 15 दिनों में 13 पार्षद पाला बदल चुके हैं। सबसे चौकाने वाली बात तो ये हैं कि इनमें चार सभापति और निगम में पार्षद दल के नेता पं. राम शर्मा तक शामिल है। बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद 33 पार्षदों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ऐसे में निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो का पद खतरे में है। निगम के नियमों के अनुसार दो सालों का कार्यकाल पूरा होने के बाद अध्यक्ष के खिलाफ कभी भी अविश्वास प्रस्ताव आ सकता है, लेकिन इसमें भी दिक्कतें कम नहीं हैं दरअसल, 33 पार्षदों का बहुमत होने के बाद भी निगम में भाजपा दो गुटों में बंटी हुई है। पहले सात पार्षदों के भाजपा में आने के बाद से ही इन पार्षदों को अपने- अपने खेमे में लाने की मशक्कत शुरू हो गई थी।

### ये सभापति आए भाजपा में

चार सभापतियों में अब तक नविता मनोज सक्सेना अरूणा मनोज कुशवाह, सुनीता विजय पाटिल और चंद्रभान देवरे कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके हैं। वही गुरुवार को पार्षद दल के नेता पं. राम शर्मा ने भी भोपाल में भाजपा की सदस्यता ले ली। इनकी जगह महापौर की एमआईसी में अब नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

### ये पार्षद भाजपा में

कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने वाले पार्षदों में भूरा भावरकर, जगदीश गोदरे, चंदू ठाकरे, दीपा माहोरे, लीना तिरगाम, संतोषी वाड़िवा, रोशनी सल्लाम, शिवानी सक्सेना, पं. राम शर्मा शामिल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले-भाजपा का नहीं जनाधार: शहर समन्वयक ने शायराना अंदाज में कहा- गीदड़ मैदान छोड़ रहे हैं शेर बचे हैं।

# 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म

## ऑटो चालक ने घर छोड़ने के बहाने घटना को दिया अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर में एक बार फिर शर्मसार कर देने वाली घटना हुई है। इस बार एक बुजुर्ग महिला को ऑटो चालक ने निशाना बनाते हुए उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना बेगमबाग कॉलोनी में रहने वाली 60 वर्षीय वृद्धा के साथ हुई। जिसे ऑटो चालक ने ऑटो में बैठाया और सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म कर रास्ते में छोड़कर भाग गया। वृद्धा ने महाकाल थाने पहुंचकर ऑटो चालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई है।

बेगमबाग में रहने वाली 60 वर्षीय वृद्धा घरों में झाडू पोछा लगाने का काम करती है। 19 मार्च की रात 9.30 बजे काम निपटाकर महिला अपने घर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में ऑटो चालक सलमान ने महिला को घर छोड़ने के लिए कहा और बताया कि मैं आपको जानता हुं बैठ जाओ। वृद्ध महिला ऑटो चालक की बातों में आ गई और उसके साथ चली गई। बदमाश महिला को घर न ले जाते हुए हरि फाटक ब्रिज होते हुए जीवनखेड़ी की तरफ सुनसान इलाके में ले गया जहां वृद्धा से दुष्कर्म किया और बाद में उसे रास्ते में छोड़कर भाग गया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि वृद्धा का पति बीमार रहता है। उसके तीन बच्चे हैं। इसलिए वो काम करती है।

महिला ने बुधवार को थाने पहुंचकर आरोपी ऑटो चालक सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। फिलहाल ऑटो चालक फरार बताया जा रहा है , इससे पहले सितम्बर 2023 में भी एक मासूम नाबालिग के साथ ऑटो चालक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर देश भर में चर्चा हुई थी।

**चुनाव बहिष्कार की चेतावनी**

# नहर के पानी की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी -मालवा। सिवनी मालवा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिसोनी कला के ग्रामीणों ने नहर विभाग सहित कलेक्टर सोनिया मीणा को ज्ञापन सौंप नहर का पानी पहुंचाने की मांग की।**

ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी किसानों का खेत भिलाडिया माइनर पर ही है और सभी किसान नहर के पानी पर ही निर्भर है। गर्मी के चलते ट्यूबवेल सूखने लगे हैं। हमारी मांग है कि भिलाड़िया माइनर में 27 छ तक मूंग का पानी दिया जाए। क्योंकि भूमि जल भी नहीं है भिलाडिया माइनर टेल से 10 किलोमीटर ऊपर हम अपनी मांग रहे है। किसानो ने सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी भी दी की यदि जल्द ही प्रशासन ने भिलाडिया माइनर पर हम किसानों को पानी देने की हमारी मांग को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो हम लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### चुनाव का करेंगे बहिष्कार

ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत बिसोनी कला की भिलाडिया माइनर पूरी सीमेंट की है, जिसके पानी भी बेकार नहीं जाता है। ग्राम बिसोनी के किसान अजीत यादव ने बताया की विगत 5 वर्षों से लगातार हम नहर के पानी की मांग कर रहें है पर अभी तक प्रशासन ने ग्राम बिसोनी के किसानो की पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं किया। अभी भी हमें प्रशासन से नहर के पानी के लिए गुहार लगाना पड़ रहा है। इस वर्ष भी यदि मूंग की फसल के लिए नहर का पानी नहीं मिलता है तो मजबूरन हम सभी ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

New Delhi

# पैसे के बिना नहीं चल सकती राजनीतिक पार्टी, चुनावी बॉन्ड योजना लाने के पीछे मंशा अच्छी थी: नितिन गडकरी

नई दिल्ली. चुनावी बॉन्ड पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बयान सामने आया है. नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना लाने के पीछे हमारी मंशा अच्छी थी. उन्होंने कहा कि बिना पैसे के राजनीतिक पार्टी चलाना संभव नहीं है. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने 2017 में अच्छे इरादे के साथ चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दे दिया है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर कोई और निर्देश देता है, तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करने की जरूरत है. गडकरी ने गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में यह



टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि जब अरुण जेटली (केंद्रीय वित्त) मंत्री थे, मैं उस चर्चा (चुनावी बॉन्ड के संबंध में) का हिस्सा था. कोई भी पार्टी संसाधनों के बिना नहीं चल सकती. कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को फंड देती हैं. भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है. चुनावी बॉन्ड के बारे में एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमने राजनीतिक दलों को वित्तीय तौर पर मजबूत रखना चाहा. उन्होंने कहा कि चुनावी बांड शुरू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे पैसा मिले, लेकिन (दाताओं के) नाम का खुलासा नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे सत्ता में रहने वाली पार्टी बदलती है तो समस्याएं उत्पन्न होती हैं. नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपना कामकाज चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है.

Jharkhand

## झारखंड में भीषण हादसा, बस और ट्रक की टक्कर में तीन बच्चों की मौत; 30 से ज्यादा बाराती घायल



**लोहरदगा, (एजेंसी)** झारखंड के लोहरदगा में एक भीषण सड़क हादसे में अब तक तीन बच्चों की मौत हो गई है। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात करीब पौने नौ बजे एक बस, जिसमें बाराती बैठे हुए थे, और एक ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गई। यह हादसा नेशनल हाईवे 143A पर टाटी गांव के पास हुआ। भीषण टक्कर के बात तीन बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में ढाई दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए हैं। वहीं ट्रक का ड्राइवर अभी भी ड्राइविंग सीट में फंसा पड़ा है। उसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे में एक दर्जन से अधिक घायलों को रांची के रिम्स में रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों का इलाज लोहरदगा और कुडू के अस्पतालों में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार रात लगभग 8:45 बजे रांची की ओर से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाराती बस में सवार लोग अपने घर गुमला बिशनपुर के बनालात लौट रहे थे, जबकि लोहरदगा से कुडू की ओर हाईवे (ट्रक) जा रहा था। बस की रफ्तार काफी अधिक थी, उसने टक्कर मार दी इसी वजह से यह भीषण घटना हुई है। लोहरदगा के कुडू में हुए सड़क हादसे में मृतक बच्चों में गुमला विशुनपुर थाना क्षेत्र के घुडामन उरांव के पुत्र फुलसुरा 6 माह, सुमित खेरवार 6 वर्ष पिता घुरामन खेरवार और प्रियांशु कुजूर 5 वर्ष पिता ललित कुजूर शामिल हैं।

Uttarakhand

## चमोली में बड़ा हादसा, खाई में गिरी कार, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**चमोली, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चमोली जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक कार खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना नंदा नगर घाट पर देर रात सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक कार 300 मीटर नीचे पलट कर गिर गई है, हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर थाना नंदा नगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास के ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तीनों शवों को अस्पताल में लेकर आई। मृतकों की पहचान बद्री प्रसाद रतूड़ी (42) पुत्र रामेश्वर प्रसाद रतूड़ी, ग्राम कुंमजुंग थाना नंदा नगर घाट, राकेश सती (51) पुत्र शंभू प्रसाद निवासी ग्राम माणखी थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली, ललित प्रसाद (57) पुत्र इंद्रमणि सती निवासी ग्राम कांडई थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली के रूप में हुई है।



New Delhi

## गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से लाया गया मुंबई, 20 साल से था फरार

**नई दिल्ली.** मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाया गया है. वह 20 साल से फरार था. उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ था. टॉप इंटेलिजेंस एजेंसी ने कन्फर्म किया है कि 20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चाइना से डिपोर्ट किया गया, प्रसाद पुजारी मुंबई पुलिस से वांटेड है. प्रसाद पुजारी के खिलाफ मुंबई में हत्या और एक्सटोर्शन के कई मामले दर्ज हैं. इंटरपोल ने प्रसाद पुजारी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ था. प्रसाद



पुजारी के खिलाफ आखिरी केस साल 2020 में मुंबई में दर्ज हुआ था. प्रसाद पुजारी भारत से फरार होकर चाइना पहुंच गया था. भारतीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के किया पुजारी ने चाइनीज महिला से शादी कर ली थी, लेकिन जांच एजेंसियों की कड़ी मशक्कत के बाद अब उसे चाइना से भारत डिपोर्ट किया जा रहा है. पुजारी आज रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंचेगा, जहां से मुंबई पुलिस गैंगस्टर को गिरफ्तार करेगी. बता दें कि प्रसाद पुजारी ने कुछ साल पहले शिवसेना के एक नेता पर भी जानलेवा हमला करवाया था.

खेल

बतौर कप्तान ऋतुराज का जीत के साथ आगाज

# मुस्तफिजुर-रचिन की बदौलत चेन्नई ने RCB को छह विकेट से हराया

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। सीएसके ने इस टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम ने आठ गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से यह मैच जीत लिया।

कप्तान ने दिलाई अच्छी शुरुआत- आरसीबी द्वारा दिए गए 174 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई ने दमदार शुरूआत की। ऋतुराज गायकवाड और रचिन रवींद्र के बीच पहले विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी हुई जिसे यश दयाल ने तोड़ा। कप्तान इस मैच में 15 रन बनाने में कामयाब




हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अजिंक्य रहाणे उतरे। दूसरे विकेट के लिए रहाणे और रचिन रवींद्र के बीच 33 रन की पार्टनरशिप हुई। न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाने में कामयाब हुए। टीम को तीसरा झटका रहाणे के रूप में लगा जो 27 रन बना सके। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेरिल मिचेल दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाने में कामयाब हुए।

जडेजा और दुबे के बीच हुई मैच विनिंग साझेदारी- चेन्नई को जीत दिलाने में शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच 37 गेंदों में 66 रन की नाबाद साझेदारी हुई। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे दुबे ने चार चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। वहीं, स्टार ऑलराउंडर ने 17 गेंदों में 25 रन बनाए। इस मैच में दोनों बल्लेबाज नाबाद रहे। आरसीबी के लिए कैमरन ग्रीन ने दो विकेट लिए जबकि यश दयाल और कर्ण शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

फेल हुआ आरसीबी का शीर्ष क्रम - आईपीएल का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके को 174 रन का लक्ष्य दिया है। टीम की शुरूआत इस मुकाबले में दमदार हुई थी। पहले विकेट के लिए विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। मुस्तफिजुर रहमान ने कप्तान को पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर अपना शिकार बनाया।

सिनेमा

## उर्वशी रौतेला बोलीं- मिस यूनिवर्स इंडिया जीतने के बाद भी सुष्मिता सेन ने किया बाहर, बताई इसकी वजह



उर्वशी रौतेला अपने स्टेटमेंट्स को लेकर काफी सुर्खियों में रहती हैं फिर चाहे उन्होंने वो खुद बोले हों या उनके सोशल मीडिया पोस्ट। अब उर्वशी ने सुष्मिता सेन को लेकर ऐसा स्टेटमेंट दिया है जिससे सब हैरान हैं। वहीं उनके इस बयान पर लोग सवाल भी उठा रहे हैं। उर्वशी का कहना है कि साल 2012 में सुष्मिता ने उर्वशी को मिस इंडिया यूनिवर्स छोड़ने को कहा था और उन्होंने उनकी बात भी मान ली थी। उर्वशी ने इसकी वजह भी बताई है।

मिर्ची प्लस से बात करते हुए उर्वशी ने बताया कि साल 2012 में उर्वशी ने आई एम शी मिस यूनिवर्स इंडिया में पार्टिसिपेट किया था। फेमिना इंडिया को राइट्स दिए गए थे मेन मिस यूनिवर्स के लिए भारत से किसी लड़की को सेलेक्ट करने का। वहीं सुष्मिता सेन की कंपनी के पास जिम्मेदारी थी इंडिया की रिप्रेजेंटेटिव को चुनने की। उर्वशी वो पीजेंट जीत गई थीं, लेकिन मिस यूनिवर्स के लिए वह सेलेक्ट नहीं हुई थीं। उर्वशी बोलीं, 'जब मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया पहली बार जीता साल 2012 में तब मिस यूनिवर्स टाइटल के लिए एज लिमिट थी। हमारे बॉस डोनाल्ड ट्रम्प थे।

## संपादकीय

### ये विषमता चिंताजनक

2022-23 में देश के निचले पचास फीसद लोगों के पास राष्ट्रीय संपति का सिर्फ पंद्रह फीसद हिस्सा था। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। जाहिर है, यह देश की नीतियों का जमीनी हासिल है, जिसमें सबसे अमीर तबका लगातार धनी होता जा रहा है, वहीं बाकी लोगों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होती जा रही है। जिस दौर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों का हवाला देकर विकास के कामयाब सफर का दावा किया जा रहा हो, उसमें असमानता की खाई गहरे होते जाने की खबरें हैरान करती हैं। एक ओर सरकार देश की आर्थिक तस्वीर में लगातार बेहतरी आने की बात करती है, दूसरी ओर आंकड़ों के साथ ऐसे तथ्य सामने आते हैं कि यहां की कुल संपति के एक तिहाई से काफी ज्यादा हिस्से पर चंद लोगों का कब्जा है। निश्चित रूप से यह विकास के तमाम दावों के बीच नीतिगत स्तर पर एक बड़ी खामी का सबूत है कि आबादी का ज्यादातर हिस्सा एक छोटे घेरे में सिमट रहा है। गौरतलब है कि थामस पिकेटी सहित तीन अर्थशास्त्रियों की ओर से जारी 'भारत में आय और संपदा में असमानता, 1922-2023 : अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसद की आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 फीसद हो गई है, वहीं संपति में उनकी हिस्सेदारी में 40.1 फीसद तक पहुंच गई है। यों देश की कुल संपति पर बहुत छोटे हिस्से के बढ़ते कब्जे को लेकर इस तरह का यह कोई पहला आंकड़ा नहीं है, मगर इस स्थिति के लगातार बने रहना क्या बताता है? आजादी के बाद 1980 के दशक की शुरुआत तक अमीर और गरीबों के बीच आय और धन के अंतर में गिरावट देखी गई थी। मगर उसके बाद इसमें इजाफा होना शुरू हुआ। रिपोर्ट में सबसे धनी लोगों पर उचित अनुपात में कर लगाने का सुझाव दिया गया है, ताकि एक औसत भारतीय भी तरक्की कर सके। सवाल है कि अगर सरकार सबके विकास का नारा देती है, तो उसके बरक्स ऐसी तस्वीर क्यों बनी रहती है कि महज एक फीसद लोग देश के चालीस फीसद संसाधनों या संपति के मालिक हो जाते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*"अंतरिक्ष में आकुल-आतुर,*
*कभी इधर उड़, कभी उधर उड़,*
*पंथ नीड़ का खोज रहा है*
*पिछड़ा पंछी एक - अकेला!*
*बीत चली संध्या की बेला!"*

*- (बच्चन/निशानिमंत्रण)*




शेखचिल्ली से जुड़ा यह किस्सा शुरू होता है, उसी के गांव की पुलिया से। एक दिन शेखचिल्ली अपने दोस्तों के साथ वहां बैठा हुआ था। सभी आपस में गप्पे लड़ा रहे कि तभी शहर से एक व्यक्ति वहां आकर रुका और शेख और उसके दोस्तों से पूछने लगा, "क्यों भाई, क्या कोई बता सकता है कि मियां शेख साहब के घर की तरफ कौन-सी सड़क जाती है?"

वो व्यक्ति शेखचिल्ली के पिता के बारे में पूछ रहा था। उसके पिता को पूरा गांव "शेख साहब" कहकर बुलाता था, लेकिन उस सज्जन की बात सुनकर शेखचिल्ली को नई हरकत सूझ गई। उसने कहा, "क्या आप यह जानना चाहते हैं कि शेख साहब के घर और कौन-सी सड़क जाती है?"

"हां-हां यही पूछना चाहता हूं!" उन व्यक्ति ने जवाब दिया।

इतना सुनते ही शेखचिल्ली बोल पड़ा, "इनमें से कोई भी सड़क नहीं जाती।"

इस पर शहरी सज्जन बोला, "अगर ये नहीं तो कौन-सी सड़क जाती है?"

शेखचिल्ली बोला, "कोई नहीं।"

व्यक्ति – "क्या कहते हो बेटा, मुझे तो सभी ने यही बताया है कि शेख साहब का घर इसी गांव में है।"

शेखचिल्ली – "आप, बिल्कुल सही कह रहे हैं, शेख साहब इसी गांव में रहते हैं"।

व्यक्ति – "तभी तो मैं पूछ रहा हूं कि कौन-सा रास्ता उनके घर तक जाता है? "

शेखचिल्ली ने कहा- "जनाब आप तो उनके घर पहुंच जाएंगे, लेकिन ये सड़क यहीं रहेगी, ये कहीं नहीं जाएगी। ये बेचारी सड़क तो चल ही नहीं सकती। मैं शेखचिल्ली हूं, शेख साहब का बेटा। मैं आपको वो रास्ता बताऊंगा, जिस पर चलकर आप ठीक पते पर यानि मेरे घर पहुंच जाएंगे।"

शेखचिल्ली की बात सुनकर वो आदमी बहुत खुश हुआ और बोला, "तू तो बड़ा समझदार हो गया है और काफी बुद्धिमान भी। चल बेटा मुझे अपने घर ले चल। तेरे अब्बा मेरे बचपन के दोस्त हैं। मैं तेरे लिए अपनी बेटी का रिश्ता लेकर आया हूं। मेरी बेटी भी तेरी तरह बहुत समझदार है। तुम दोनों की जोड़ी बहुत अच्छी लगेगी।"

सज्जन पुरुष की बात सुन, शेखचिल्ली उन्हें अपने घर ले गया।

**कहानी से सीख:**

व्यक्ति को हमेशा अपनी बात स्पष्ट रूप से बोलनी चाहिए। साथ ही शब्दों के चयन पर भी गौर करना जरूरी है, ताकि सामने वाला बात को समझ सके।

## मां काली के जन्म की कथा



सभी देवी-देवताओं के जन्म की कई कहानियां प्रचलित हैं और बिलकुल इसी तरह मां काली के जन्म से जुड़ी कई कथाएं सुनाई जाती हैं। उन सभी कथाओं में से एक कहानी है, जो सबसे ज्यादा प्रचलित है।

बात उन दिनों की है, जब एक शक्तिशाली राक्षस, दारुण का अत्याचार तीनों लोकों में बढ़ गया था। तीनों लोकों में सभी इससे बहुत परेशान थे। सारे देवता दारुण के हाथों मात खा चुके थे।

दारुण को वरदान मिला था कि उसकी मृत्यु एक स्त्री के हाथों ही हो सकती है। इस कारण सभी देवता हाथ जोड़कर ब्रह्मा जी के पास पहुंचे कि वे इसका कोई समाधान निकालें। इसके बाद ब्रह्मा जी ने एक स्त्री का रूप लिया और दारुण से युद्ध करने चले गए, लेकिन वो भी इस असुर को हरा नहीं पाए।

अंत में सभी देवता, ब्रह्मा जी के साथ भगवान शिव के पास गए और उनसे प्रार्थना की कि वे कुछ करें। सभी की प्रार्थना सुनने के बाद, शिव जी ने मुस्कुराते हुए माता पार्वती की तरफ देखा।

उनका इशारा समझते हुए माता पार्वती ने अपनी शक्ति का एक अंश निकाला। वह एक चमकता हुआ तेज था, जो देखते ही देखते भगवान शिव के नीलकंठ से होते हुए उनके शरीर में प्रवेश कर गया। इसके बाद भगवान शिव ने अपनी तीसरी आंख खोली और तीनों लोक थर-थर कांपने लगे। भगवान शिव की तीसरी आंख खुलने के बाद वह शक्ति उनकी उस आंख से बाहर निकली, जिसे देखकर वहां खड़े सारे देवता घबरा गए।

उस शक्ति ने एक विशाल और रौद्र स्त्री रूप ले लिया था। उनका रंग रात-सा काला गहरा और जुबान खून जैसी लाल थी। चेहरे पर आग-सा तेज था और माथे पर तीसरी आंख थी। इस तरह राक्षसों को खत्म करने के लिए हुआ मां काली का जन्म।

इसके बाद उन्होंने कुछ ही देर में असुर दारुण और उसकी सेना का नाश कर दिया। उन सभी दानवों को खत्म करने के बाद भी मां काली का गुस्सा शांत नहीं हो रहा था। इसके बाद उनका गुस्सा शांत करने के लिए भगवान शिव ने एक बच्चे का रूप लिया और उनके सामने आ गए।

भगवान शिव को देखते ही मां काली का गुस्सा शांत हो गया और उन्होंने उस बच्चे को अपनी गोद में उठा लिया।

## Highlights

1. PM Modi wishes Union Minister Smriti Irani on her birthday
2. ED raids Delhi residence of AAP MLA Gulab Singh Yadav: Report
3. PM Modi denounces Moscow terror attack; death toll rises to 60
4. Can women over 50 opt for IVF? check what India's law says
5. Aditi Pant-Sudipta Sengupta, 1st Indian women to visit Antarctica
6. 3 dead, 8 injured in bus-truck collision in Jharkhand's Lohardaga
7. Assam CM Himanta Biswa extends birthday wishes to Smriti Irani

# World Water Day: Flipkart Group recycles over 67 mn litres of wastewater in a year

**NEW DEIHI, (Agency).** Flipkart Group on Friday announced significant strides in its water conservation efforts by successfully recycling over 67 million litres of wastewater in a year across four of its facilities in Rewari and Sanpka (Haryana), Ludhiana (Punjab) and Malur (Karnataka).

The organisation's water conservation initiatives are aimed towards promoting a judicious approach to water consumption, driven by key focus areas to reduce, reuse, and recycle. These conservation efforts have also resulted in the reduction of over 14 million litres of freshwater consumption, thereby playing a key role in the conservation of the nation's natural resources.

This has been enabled by a 30% reduction in the average LPCD (liter per




capita per day) at all four facilities.

In addition to this, through the establishment of groundwater recharge infrastructure, Flipkart is also prioritising the potential recharge of rainwater while fostering a strong sense of environmental conservancy.

In alignment with the government's 'Jal Shakti Abhiyan: Catch the Rain' campaign, aimed at encouraging water conservation at the grassroots level, Flipkart is proactively implementing a series of strategic measures dedicated towards water conservation.

Speaking about Flipkart Group's water conservation initiatives, Rajneesh Kumar, Chief Corporate Affairs Officer, Flipkart Group, said, "At the Flipkart Group, we acknowledge the importance of natural resources and are taking conscious steps to preserve them. We believe that it is our responsibility to ensure that we set in place best practices that can have a positive impact on the environment and business ecosystem at large.

# In a first, fast-food chain Wendy's deploys drones to deliver food in US

**NEW DEIHI, (Agency).** In a first, fast-food chain outlet Wendy's has started a new delivery program, deploying drones to deliver orders to the doorstep of the people in the United States, thanks to a new collaboration between DoorDash and Alphabet's Wing, the food delivery company announced.

The pilot program was initially rolled out on Thursday in Virginia's Christiansburg. The citizens can



choose the airflight option on DoorDash to receive their food parcel via drones. Wing's autonomous drones would carry the selected eligible items, including Baconators, Frosties and chili, at 65 mph speed and upon reaching its destination, it would deliver the order to the doorstep using a tether.

"Beginning today, when DoorDash customers with an eligible address in Christiansburg, VA, place a qualifying order in the DoorDash app from the Wendy's located at 2355 N. Franklin Street, they will see the option to have their meal delivered by drone on the checkout page," DoorDash said in a press release.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक